A M R I T A V I D Y A L A Y A M
ANNUAL EXAMINATION 2019 - 20

Class : VI **Marks : 80**
Time : 2½ hrs

हिन्दी

निर्देश:
1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग, और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

खण्ड - क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मनु की संतान कहलानेवाला मनुष्य आज कितना स्वार्थी हो गया है। वह अकेला खाता है, अकेला पीता है। पास-पडोस में कितने ही लोग भूखे-नंगे पडे हो, शायद मरे भी हों, इनकी वह जरा भी परवाह न करता। आधुनिक मनुष्य का लक्ष्य अपने परिवार के दो-चार सदस्यों की उदर-पूर्ति में ही सीमित है। आज के मानव ने बाह्याडम्बर को ही सभ्यता समझ रखी है। दो-चार उजले कपडे पहनकर सभ्यता के विकास की डींग हाँकता है।

क. मनुष्य को किसकी संतान कहलाते हैं? **2**

ख. मनुष्य किसकी परवाह नहीं करता है? **2**

ग. आधुनिक मनुष्य का लक्ष्य क्या है? **2**

घ. आज के मानव ने किसको सभ्यता समझ रखी है? **2**

ङ. मानव शब्द का समानार्थक लिखिए। **1**

च. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए। **1**

खण्ड - ख

निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

2. कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्दों को विशेषण में बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **2**

क. हमारे -------- स्थल अत्यंत बर्फीले हैं। (पर्वत)

ख. दारा सिंह बहुत ---------- है। (बल)

3. उचित विराम चिहनों का प्रयोग कीजिए। **2**

श्याम ने सीता से स्कूल के बारे में पूछा सीता ने कहा कल शायद स्कूल बंद रहेगा क्योंकि कल शिवरात्रि का पर्व है

4. उपसर्ग अलग कीजिए। **2**

क. अनावश्यक ख. उपकरण

5. प्रत्यय अलग कीजिए। **2**

क. कृपालु ख. पढाई

6. वर्ण विच्छेद कीजिए। **2**

क. विद्यालय ख. पूर्णिमा

7. सही या गलत लिखिए। **2**

क. शिवरात्रि का संबंध कृष्ण जन्म से है।

ख. शिकारी ने वचन दिया कि वह शिकार नहीं करेगा।

8. समानार्थक शब्द लिखिए। **2**

क. प्रलय ख. संतुष्ट

9. जोडकर लिखिए। **2**

क. सत् + चरित्र ख. उत् + ज्वल

खण्ड - ग

10. एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **5**

क. श्रीकृष्ण के कोई अन्य पाँच नाम लिखिए।

ख. जन्माष्टमी के पर्व का संबंध किससे है?

ग. शिवरात्रि का पर्व कब मनाया जाता है?

घ. नरेंद्र के माता-पिता का नाम क्या था?

ङ. शिवजी ने कौन-सा नृत्य किया था?

11. दो-तीन वाक्य में उत्तर लिखिए। **18**

क. नरेंद्रनाथ ने संन्यास लेकर क्या किया? उन्होंने सिंह गर्जन करते हुए क्या कहा?

ख. भावार्थ लिखिए।

"है जन्म लेते जगह में एक ही
एक ही पौधा उन्हें है पालता।"

ग. रथ यात्रा का उत्सव कब मनाया जाता है? बडी-बडी रस्सियों को खींचने के पीछे लोगों का क्या विश्वास है?

घ. शिवजी की पूजा किन पत्रों से की गई?

ङ. काँटा किसका प्रतीक है? काँटा आँखों में क्यों खटकता है?

च. बालक का नाम क्या था? उसको किस बात का शौक था?

12. पदय पूरा कीजिए। (8 पंक्तियाँ) **5**

है जन्म ------------- एक-से होते नही।

खण्ड - घ

13. निम्नलिखित किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **6**

क. अनुशासन ख. परिश्रम का महत्व ग. त्योहारों का महत्व

14. मित्र के जन्मदिन के अवसर पर उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए। **5**

15. स्वामी विवेकानंद के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5

16. पर्व राष्ट्रिय एकता के प्रतीक होते है। इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। 5

17. **दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर 20–30 शब्दों में चित्र का वर्णन कीजिए।** 5